राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

क्रमांकः प.14(28)RSMSSB/अर्थना/त.शि.(आईटीआई)/2015/पार्ट–II/628 दिनांक : 09.12.2016

–:: कार्यालय आदेश ::–

राजस्थान तकनीकी प्रशिक्षण अधीनस्थ सेवा नियम, 1975 के अन्तर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर में CETT प्रोजेक्ट हेतु कनिष्ठ अनुदेशक (ट्रेवल एण्ड टूरिज्म सर्विसेज/रिटेल सर्विसेज/हॉस्पिलिटी ऑपरेशन–फ्रंट ऑफिस/ ऑपरेशन–हाउस कीपिंग/ फूड एण्ड बेवरेज सर्विसेज/वेस्टर्न क्लीनरी आर्ट) सीधी भर्ती परीक्षा– 2016 की परीक्षा दिनांक 18.09.2016 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 30.09.2016 को जारी किया गया है। इस परीक्षा में अस्थाई (Provisional) रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों की पात्रता की जाँच विभाग द्वारा दिनांक 03.10.2016 को किया गया था। विभाग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर 03 अभ्यर्थियों को अपात्र बताये जाने से उनका अस्थाई चयन बोर्ड के कार्यलय आदेश दिनांक 10.11.2016 को निरस्त किया गया था। अपात्र पाये गये 03 अभ्यर्थियों के स्थान पर व्यवसायवार निम्न 03 अभ्यर्थियों का संबंधित व्यवसाय से आरक्षित सूची से वरियता के आधार पर अस्थाई चयन किया गया है। इन आरक्षित सूची से अस्थाई (Provisional) रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों की पात्रता की जाँच मूल दस्तावेजों से की जानी है। साथ ही सफल घोषित अभ्यर्थियों से विस्तृत आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) भी लिया जाना है। अतः कनिष्ठ अनुदेशक (रिटेल सर्विसेज/हॉस्पिलिटी ऑपरेशन–फ्रंट ऑफिस/वेस्टर्न क्लीनरी आर्ट) सीधी भर्ती परीक्षा– 2016 में आरक्षित सूची से अस्थाई (Provisional) रूप से सफल घोषित निम्न अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 14.12.2016 को प्रातः 10.00 बजे से **प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, W-6, रेजीडेन्सी रोड, जोधपुर** पर पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवे :–

क.स.	पद का नाम	अभ्यर्थियों के रोल नम्बर
1.	कनिष्ठ अनुदेशक (रिटेल सर्विसेज)	200035- GEN (F)
2	कनिष्ठ अनुदेशक (हॉस्पिलिटी ऑपरेशन–फ्रंट ऑफिस)	300025 - GEN (M)
3.	कनिष्ठ अनुदेशक (वेस्टर्न क्लीनरी आर्ट)	600017- GEN (M)

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं कनिष्ठ अनुदेशक (ट्रेवल एण्ड टूरिज्म सर्विसेज/रिटेल सर्विसेज/हॉस्पिलिटी ऑपरेशन–फ्रंट ऑफिस/ ऑपरेशन–हाउस कीपिंग/ फूड एण्ड बेवरेज सर्विसेज/वेस्टर्न क्लीनरी आर्ट) के पद के लिये दिनांक 26.07.2016 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, अनुभव, जाति, आचरण, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
5. अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश एवं विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

(आर0 के0 मीना)

अध्यक्ष